कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397

पत्रांक – 2938 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 9/05/2024.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– चारधाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 125 (नया 09) के चम्पावत बाईपास के निर्माण हेतु 8.94 है0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रत्यावर्तन सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0 31090 / 2017।

महोदय,

विषयगत मोटर मार्ग के सम्बन्ध में प्रदर्शित आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत के पत्रांक 4719 / 12–1 दिनांक 04.05.2024 द्वारा सूचित किया है, जिसे आपके सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीय

(डॉ0 कोको रोसे)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा

प्र० संरक्षक
6/5

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

Phone No. 05965/230375- Fax No.230180 Email- dfo.champawat@rediffmail.com

पत्रांक 4719 / 12-1 दिनांक , चम्पावत 4-5- 2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊं वृत्त
उत्तराखण्ड, अल्मोडा।

विषय – चारधाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 125(नया 09) के चम्पावत बाईपास के निर्माण हेतु 8.94 हे0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यों हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रत्यावर्तन। ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– **FP/UK/ROAD/31090/2017**

संदर्भ :– **अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,लोहाघाट की पत्र संख्याा 458/चारधाम परियोजना/चम्पावत बाईपास दिनांक 20.04.2024।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में कार्यालय– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अपने पत्रांक 1611/12–1 दिनांक 14.02.2024 द्वारा तीन बिन्दुओं के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट द्वारा अनुपालन आख्या इस कार्यालय में उपलब्ध कराई गई है, जिसके आधार पर अनुपालन आख्या निम्नानुसार प्रषित की जा रही है:–

क0सं0	प्रस्ताव में पाई गयी आपत्तियाँ	आपत्तियों का निराकरण
1.	भारत सरकार द्वारा आहूत REC बैठक दिनांक 27–10–2023 के क्रम में वांछित सूचना आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा डम्पिंग स्थलों को कार्य पूर्ण होने के पश्चात वन विभाग को हस्तान्तरित किये जाने का प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया है, जबकि विन्दु सं0–2 के अनुपालन में मलवा निस्तारण हेतु चयनित स्थल पर किसी भी वृक्ष का पातन नहीं किये जाने से सम्बन्धित प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।	प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि विषयक बाईपास के निर्माण में डम्पिंग स्थल चयनित किये गये है जिनमें मलुवे का निस्तारण किया जायेगा। वन भूमि की स्वीकृति के पश्चात निर्माण के दौरान मक डम्पिंग स्थल पर वृक्षों का पातन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मक डम्पिंग स्थलों को वन विभाग को हस्तान्तरण कर दिया जायेगा। प्रमाण पत्र संलग्न है। **संलग्न –1**
2.	उक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव के ऑनलाईन पार्ट–1 के पैरा C(iii), एवं (iv) में प्रस्तावित मार्ग के डिजिटल एवं जियो रेफिरेन्स मानचित्रों के स्थान पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित मानचित्रों को अपलोड किया गया है एवं ऑनलाईन पार्ट–1 के पैरा–1, में क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित के०एम०एल० तथा डिजिटल एवं जियो रेफिरेन्स मानचित्र अपलोड नहीं किये गये हैं।	प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रस्ताव के आनलाईन पार्ट 1 के पैरा–C (III) एवं (IV) में मोटर मार्ग का डिजिटल मैप एवं जियो रिफैन्स मैप अपलोड कर दिये गये हैं। क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित के०एम०एल० एवं डिजिटल मैप एवं जी.ई.ओ. रिफरेंस मैप पार्ट–2 में अपलोड कर दिये गये हैं।

	प्रस्तावित मोटर मार्ग एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित के०एम०एल० फाईल तथा डिजिटल एवं जियो रेफिरेन्स मानचित्रों को ऑनलाईन पार्ट–1 एवं पार्ट–2 में यथास्थान अपलोड कराते हुए भारत सरकार द्वारा वांछित बिन्दुओं की बिन्दुवार सूचना इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।	क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित KML तथा डिजिटल एवं जियो रिफेन्स मैप पार्ट–2 में अपलोड कर दिये गये हैं। प्रस्तावक विभाग द्वारा मैप Additional Information में अपलोड कर दिये गये हैं।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु अपने स्तर से उच्च स्तर को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार 4 प्रतियों में।

भवदीय,

(आर0सी0काण्डपाल)
प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।

पत्रांक / तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपि– अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लोहाघाट को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।